सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र २०२४-२५

कक्षा : चार   विषय: हिंदी व्याकरण   अनुच्छेद

वृक्षारोपण

वन प्रकृति की अनुपम देन है । किसी विशेष क्षेत्र में वृक्षों का समूह वन कहलाता है ।वन देश की सुंदरता बढ़ाते हैं । वनों से जलवायु पर भी असर पड़ता है ।वनों के इस महत्ता के कारण ही पुराने जमाने से हमारे देश में वृक्षारोपण पर बल दिया जाता है । वृक्षों की पूजा की जाती रही है । वनों से अनेक लाभ होते हैं ।इसमे हमे उद्योगों के लिए कच्चा माल मिलता है ।जलाने के लिए ईंधन तथा लोगों को रोजगार मिलता है। वहाँ अनेक पशु पक्षियों को शरण मिलती है ।सिंह, हाथी ,चीते आदि जानवर विचरण करते हैं । वनों से पर्याप्त वर्षा होने में सहायता मिलती है ।इससे धरती की ऊपजाऊ शक्ति बढ़ती है । इसलिए हमें वनों को काटने से रोकना चाहिए ।उनकी रक्षा करनी चाहिए ।इसके साथ-साथ हमें अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए ।